नज़रें ज़रा मिला ले ऐ श्याम खाटू वाले

नज़रें ज़रा मिला ले ऐ श्याम खाटू वाले,
अपना मुझे बना ले ऐ श्याम खाटू वाले............
आया शरण में तेरी फरियाद सुन लो मेरी,
जल्दी करो सुनाई किस बात की है देरी ,
क्यों न मुझे संभाले ऐ श्याम खाटू वाले,
नज़रें ज़रा मिला ले ऐ श्याम खाटू वाले..........

हारे का साथ देते अटकी हुई को खेते ,
तेरा आसरा है मुझको क्यों न शरण में लेते,
चरणों में तू बिठा ले ऐ श्याम खाटू वाले,
नज़रें ज़रा मिला ले ऐ श्याम खाटू वाले...............

तेरी दया का प्यासा आया हूं लेके आशा ,
नज़रें मिला के देखो पढ़ लोगे दिल की भाषा,
कितने हैं दिल में छाले ऐ श्याम खाटू वाले,
नज़रें ज़रा मिला ले ऐ श्याम खाटू वाले.............

दर पे खड़ा सवाली वापस न जाये ख़ाली,
कुमलाह न जाये पौधा सुन लो चमन के माली,
बिन्नू को तू बचा ले ऐ श्याम खाटू वाले,
नज़रें ज़रा मिला ले ऐ श्याम खाटू वाले......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21234/title/najre-jra-mila-le-eh-shyam-khatu-vale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |